## लोकसभा अध्यक्ष ने पुर्तगाल के सांसद और इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) के अध्यक्ष चुनाव के उम्मीदवार श्री ड्यूएर्ट पाशेको के साथ वर्चुअल बैठक की

**नई दिल्ली 25 अगस्त 2020:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन में पुर्तगाल के सांसद और इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) के अध्यक्ष चुनाव के उम्मीदवार श्री ड्यूएर्ट पाशेको के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक की शुरुआत में श्री बिरला ने कहा कि वे आईपीयू के अध्यक्ष के चुनाव 2020 के लिए श्री पाशेको की उम्मीदवारी का स्वागत करते हैं। श्री बिरला ने आगे कहा कि श्री पाशेको का सार्वजनिक जीवन में व्यापक अनुभव है और उन्होंने पुर्तगाल के आईपीयू शिष्टमंडल की अध्यक्षता भी की है। श्री बिरला ने यह भी उल्लेख किया कि आईपीयू की परंपरा के अनुसार अगला अध्यक्ष '12 प्लस' समूह से ही आना चाहिए।

श्री बिरला ने कहा कि भारत और पुर्तगाल के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं पुर्तगाल के प्रधानमंत्री श्री एंटोनियो कोस्टा के कुशल नेतृत्व में सशक्त हुए है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और पुर्तगाल ने पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों जैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिपिंग, शिक्षा और संस्कृति में अपने संबंधों को मजबूत किया है । श्री बिरला ने संसदीय राजनय को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने के लिए एक संसदीय मैत्री समूह के गठन का भी स्वागत किया।

श्री ड्यूएर्ट पाशेको ने श्री बिरला को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ आईपीयू का एक महत्वपूर्ण और मुखर सदस्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और पुर्तगाल महतवपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपनी भागीदारी को और सुदृढ़ करेंगे।